# पुनर्वास विवि : मूल्यांकन के बाद देख सकेंगे अपनी कॉपी

## चुनौती मूल्यांकन में समस्याओं के चलते विवि ने लिया निर्णय

संवाद न्यूज एजेंसी

लखनऊ। डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विवि में परीक्षा के बाद अब विद्यार्थी विभाग स्तर पर अपनी उत्तरपुस्तिकाएं भी देख पाएंगे। मूल्यांकन के बाद विभागाध्यक्ष की निगरानी में शिक्षक, छात्र-छात्राओं को उनकी कॉपियां दिखाएंगे। छात्रों के मूल्यांकन से संतुष्ट होने के बाद ही अंतिम रूप से परीक्षाफल घोषित किया जाएगा। इससे परीक्षा परिणाम को लेकर विद्यार्थियों का संदेह दूर हो सकेगा।

**परीक्षा परिणाम को लेकर दूर होंगे विद्यार्थियों के संदेह**

पुनर्वास विवि में वर्तमान व्यवस्था में परीक्षा विभाग केवल एक से तीन अंक के बीच बैक आने पर ही विद्यार्थियों को निशुल्क कॉपी दिखाता है। इससे अधिक अंकों से बैक आने पर और रिजल्ट से असंतुष्ट विद्यार्थियों को कॉपी देखने के लिए 500 रुपये शुल्क अदा करना होता है। वहीं चुनौती मूल्यांकन में यह शुल्क बढ़कर पांच गुना यानी 2500 रुपये हो जाता है। परीक्षा विभाग के इस निर्णय से विद्यार्थियों की तमाम समस्याओं का विभाग स्तर पर ही हल हो सकेगा। चुनौती मूल्यांकन के लिए आवेदन उसी दशा में किया जा सकेगा, जब कॉपी में कोई बड़ी गड़बड़ी नजर आएगी।

### कुलपति ने कार्यपरिषद में की थी सिफारिश

पुनर्वास विवि में बीते दिनों हुई कार्यपरिषद की बैठक में कुलपति प्रो. संजय सिंह ने विद्यार्थियों को विभाग स्तर पर मूल्यांकन के लिए कॉपी दिखाए जाने प्रस्ताव रखा था। इस पर सभी सदस्यों ने सहमति जताई थी। कुलपति ने परीक्षा परिणाम में गड़बड़ी के मामलों और विद्यार्थियों को आने वाली समस्याओं के दृष्टिगत यह फैसला किया था।

### अगली परीक्षा से लागू होगी व्यवस्था

“ अब विभाग स्तर पर छात्रों को मूल्यांकन के बाद कॉपी दिखाई जाएंगी। आगामी परीक्षा से यह व्यवस्था लागू हो जाएगी। इससे परिणाम जारी होने से पहले ही एक तरह स्क्रूटनी हो जाएगी।

**-अमित कुमार राय,** परीक्षा नियंत्रक पुनर्वास विवि

# फूड प्लेनेट हेल्थ विषय पर हुआ वेबिनार

अमृत विचार, लखनऊ : डॉ . शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय वेबिनार का आयोजन किया गया। इसमें अभिषेक दूबे ने वैश्विक पर्यावरण की स्थिति, हमारे भोजन का हमारे पर्यावरण, हमारे स्वास्थ्य और पशु पक्षियों से संबंध और जलवायु परिवर्तन व जैवविविधता विनाश पर विस्तृत रूप से चर्चा किया। वेबिनार का आयोजन विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की समन्वयक डॉ . प्रार्थना वर्धन के द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि विश्वविद्यालय के अधिष्ठाता, शैक्षणिक प्रो . वी . के . सिंह जी थे, जिन्होंने अपने संबोधन में कहा कि यह वेबिनार जिस उद्देश्य को दृष्टि में रखते हुए किया गया वो बहुत ही उत्तम है। राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के कार्यक्रम अधिकारी डॉ . प्रज्ञा श्रीवास्तव, डॉ . बृजेश कुमार राय के साथ साथ अंग्रेजी विभाग की स्मृति स्नेह उपस्थित रही।

बताया गया।

**फूड-प्लैनेट-हेल्थ विषय पर वेबिनार :** शकुंतला विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना और वीगन आउटरीच संस्था के तत्वावधान में फूड-प्लैनेट-हेल्थ विषय पर वेबिनार हुआ। वीगन आउटरीच से अभिषेक दुबे ने वैश्विक पर्यावरण, भोजन का हमारे पर्यावरण, स्वास्थ्य व पशु-पक्षियों से संबंध एवं जलवायु परिवर्तन सचर्चा की।

# शकुंतला विश्वविद्यालय के बैक पेपर स्थगित, 18 तक भरें फार्म

**जासं, लखनऊ :** डा. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय में मंगलवार से प्रस्तावित सम सेमेस्टर की बैक पेपर परीक्षाएं स्थगित कर दी गईं हैं। साथ ही छात्र-छात्राओं को बैक पेपर के परीक्षा फार्म भरने के लिए 18 नवंबर तक मौका दिया गया है। इसको लेकर सोमवार को समाजवादी छात्र सभा के नेतृत्व में छात्रों ने धरना दिया था।

डा. शकुंतला मिश्रा विश्वविद्यालय में 12 से 20 नवंबर तक बैक पेपर होनी थीं। लेकिन छात्रों ने बिना चुनौती मूल्यांकन बैक पेपर परीक्षा की तिथि जारी किए जाने का विरोध किया था। परीक्षा नियंत्रक डा. अमित कुमार राय ने बताया कि बैक पेपर (सम सेमेस्टर) परीक्षाओं को स्थगित करते हुए आनलाइन फार्म भरने की तिथि 18 नवंबर तक बढ़ा दी गई है। पहले 29 अक्टूबर तक मौका दिया गया था। लेकिन काफी छात्र परीक्षा फार्म नहीं भर पाए थे। छात्रहित में एक बार और तिथि बढ़ाई गई है। 20 नवंबर तक बैक पेपर परीक्षाओं की नई समय सारिणी जारी की जाएगी।

**आज दिखाई जाएंगी कापियां :** विश्वविद्यालय में विभिन्न पाठ्यक्रमों के जिन परीक्षार्थियों ने चुनौती मूल्यांकन के लिए आवेदन किया था, उन सभी को बुधवार दोपहर 12 बजे परीक्षा नियंत्रक कार्यालय के प्रशासनिक भवन में उत्तर पुस्तिकाएं दिखाई जाएंगी।



## कार्यशाला का समापन

नवयुग कन्या महाविद्यालय में 'पर्यावरण निवारण के लिए नैनोटेक्नोलाजी की भूमिका' विषय पर हुई सात दिवसीय कार्यशाला का मंगलवार को समापन हो गया। एसोसिएशन आफ केमिस्ट्री टीचर्स, इंडिया के अध्यक्ष प्रो. बृजेश पारे ने इस बात पर भी जोर दिया कि कैसे नैनो-कीटनाशक टिकाऊ कृषि के लिए हानिकारक हो जाते हैं। कैसे कृषि-इंजीनियरिंग और नैनो-पालिमर का उपयोग फसल सुरक्षा के लिए किया जा सकता है।

मंगलवार को डीएम सूर्यपाल गंगवार मरीज को इलाज में फायदा मिलेगा. युवाओं ने हिस्सा लिया था.

# बैक पेपर परीक्षाएं की गईं स्थगित

## डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय ने जारी किया नोटिफिकेशन



**12** बजे दोपहर परीक्षा नियंत्रक कार्यालय के प्रशासनिक भवन में उत्तर पुस्तिकाएं दिखायी जाएंगी

**LUCKNOW (12 Nov):** डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय में मंगलवार से प्रस्तावित सम सेमेस्टर की बैक पेपर परीक्षाएं स्थगित कर दी गई हैं. साथ ही छात्र-छात्राओं को बैक पेपर के परीक्षा फार्म भरने के लिए 18 नवंबर तक मौका दिया गया है. इसको लेकर सोमवार को समाजवादी छात्र सभा के नेतृत्व में छात्रों ने धरना दिया था.

### पहले 12 से होने थे एग्जाम

डॉ. शकुंतला मिश्रा विश्वविद्यालय में 12 से 20 नवंबर तक बैक पेपर होनी थीं. लेकिन छात्रों ने बिना चुनौती मूल्यांकन बैक पेपर परीक्षा की तिथि जारी किए जाने का विरोध किया था. परीक्षा नियंत्रक डा. अमित कुमार राय ने बताया कि बैक पेपर (सम सेमेस्टर) परीक्षाओं को स्थगित करते हुए ऑनलाइन फार्म भरने की तिथि 18 नवंबर तक बढ़ा दी गई है. पहले 29 अक्टूबर तक मौका दिया गया था. लेकिन काफी छात्र परीक्षा फार्म नहीं भर पाए थे. छात्रहित में एक बार और तिथि बढ़ाई गई है. 20 नवंबर तक बैक पेपर परीक्षाओं की नई समय सारिणी जारी की जाएगी.

### आज दिखाई जाएंगी कापियां

विश्वविद्यालय में विभिन्न पाठ्यक्रमों के जिन परीक्षार्थियों ने चुनौती मूल्यांकन के लिए आवेदन किया था, उन सभी को बुधवार दोपहर 12 बजे परीक्षा नियंत्रक कार्यालय के प्रशासनिक भवन में उत्तर पुस्तिकाएं दिखायी जाएंगी. परीक्षा विभाग ने ऐसे विद्यार्थियों की सूची भी जारी की है.

## फूड, प्लैनेट और हेल्थ विषय पर हुआ वेबिनार

डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना, और वीगन आउटरीच संस्था के संयुक्त तत्वावधान में मंगलवार को फूड-प्लैनेट-हेल्थ विषय पर वेबिनार हुआ. इसमें विषय विशेषज्ञ के रूप में वीगन आउटरीच संस्था से अभिषेक दुबे ने वैश्विक पर्यावरण की स्थिति, भोजन का हमारे पर्यावरण, स्वास्थ्य व पशु-पक्षियों से संबंध एवं जलवायु परिवर्तन पर विस्तृत रूप से चर्चा की.